डॉ. बावलिया ने हरि झंडी दिखाकर विप्र यात्रा को दिल्ली के लिए किया रवाना

माई झुं न्यूज। दिल्ली के छत्रपुर में आयोजित होने वाले विप्र फाउँडेशन के दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के विप्र महाकुंभ में भाग लेने जा रहे जिला प्रतिनिधि मण्डल को आज प्रात: राजस्थान ब्राम्हण महासभा के जिलाध्यक्ष एवं विप्र फाउँडेशन के जिला संरक्षक डॉ. दयाशंकर बावलिया ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दिल्ली आयोजित होने वाले इस तृतीय महाकुंभ में जिले भर से भारी संख्या में विप्र गण बसों व छोटी गाड़ियो द्वारा रवाना हुए। इस यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे विप्र फाउँडेशन के जिलाध्यक्ष पवन पुजारी के नेतृत्व में भवानी शंकर पुरोहित, पी.एल.शर्मा, एन एन पारिक, संत कुमार पुरोहित, चार्टर्ड अकाउँटेंट नवीन मरोलिया, भरत प्रची मिश्र खेतड़ी, प्रदीप शर्मा एक्शन सूज, महेश बसावतिया, मुन्ना सहित दर्जनों विप्रगण साथ थे।

सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज : शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मेहन्दी प्रतियोगिता में ज्योति सोनी प्रथम, प्रेम सैनी द्वितीय, बरखा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में करीब एक दर्जन बालिकाओं ने भाग लिया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आशा सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंचन सैनी द्वितीय तथा तृतीय स्थान ज्योति सोनी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सपना अग्रवाल, किरण पूनिया, नेहा शर्मा उपस्थित थी। जिन्होंने प्रतियोगिताओं का निर्णय किया।

निगम ने हजारो की सख्या में कनेक्शन जारी किये

माई झुं.26 दिस.। अजमेर विद्युत वितरण निगम लि् द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर माह तक कुल एक हजार ३२१ औद्योगिक कनेक्शन जारी कर उद्योगों को राहत प्रदान की है। निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री पीएस्जाट ने बताया कि जारी किये गये औद्योगिक कनेक्शनों में झुंझुनूं में ३८, सहित अन्य जिलो में औद्योगिक कनेक्शन जारी किये गये। उन्होने बताया कि निगम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर माह तक कुल एक लाख ८ हजार ३३७ घरेलू कनेक्शन जारी कर उपभोक्ताओं के घरों को रोशन किया है। जारी किये गये घरेलू कनेक्शन में ३४ हजार९० कनेक्शन बी्पी्एल् परिवारों को दिये गये है। उन्होने बताया कि झुंझुनूं में ९ हजार ६६९ सहित अन्य जिलो में घरेलू कनेक्शन जारी किये गये। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर माह तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कुल एक हजार ३११ कनेक्शन जारी किये गये हैं जिसमें झुंझुनूं में ३४२ सहित अन्य जिलो में कनेक्शन जारी किये गये।

जेजेटी विश्वविद्यालय का ट्रस्टियों ने किया अवलोकन

फोटो : रामनिवास सोनी

झुंझुनूं 5 दिसम्बर। श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में राजस्थानी सेवा संघ मुम्बई के ट्रस्टी विशाल टीबड़ेवाल व आजीवन सदस्य विपुल टीबड़ेवाल, अनिल टीबड़ेवाल, उमा टीबड़ेवाल ने रविवार को अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान ट्रस्टियों ने जेजेटी विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं की रूपरेखा बनाई।

इस अवसर पर ट्रस्टियों ने उपकुलपति डीडी अग्रवाल को खेल मैदान में मंदिर के पिछली साइड में बनने वाले स्टॉफ क्वाटर, गर्ल्स होस्टल, बॉय होस्टल की योजना के बारे में बताया जिसका शीघ्र ही निर्माण कार्य चालू किया जायेगा। इस अवसर पर सभी ने विश्वविद्यालय में बनी यूनिट का अवलोकन किया और आवश्यक उपकरणों की सूची बनाकर उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवलोकन अवसर पर चांसलर विनोद टीबड़ेवाल की अमेरिका प्रवासी सुपुत्री नेहा सहित विश्वविद्यालय स्टॉफ उपस्थित था। प्रारम्भ में उप कुलपति डीडी अग्रवाल, निधि यादव एंव सीए मनीष अग्रवाल ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

नगर नरेश बालाजी मंदिर में राम-जानकी स्वयंवर उत्साह से मनाया

माई झुं.न्यूज। नगर परिषद के पास नगर नरेश बालाजी मंदिर में मंगलवार को राम-जानकी स्वयंवर प्रसंग उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। बालाजी विग्रह का पुष्प हारों से शृंगार किया व नाना तरह के व्यंजनों का भोग लगाया। बच्चों को श्रीराम-सीता और हनुमान का स्वरूप देकर झांकी सजाई गई। झांकी पर भक्तों ने पुष्प वर्षा की। प्रभात फेरी परिवार की ओर से कीर्तन हरे राम...हरे रामा...रामा-रामा...हरे-हरे पर भक्त भक्ति में लीन हो गए। देर रात तक भजन भी हुए। समारोह में कमल अग्रवाल, बंटी पंसारी, सुरेन्द्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने भजन कीर्तन कार्यक्रम में भाग लिया।

हैलिकॉप्टर 'अगस्ता' झुंझुनूंवाला फैमिली को लेकर आया

झुंझुनूं, 29 नवंबर। हैलिकॉप्टर की सीरिज में विश्व का सबसे लेटेस्ट हैलिकॉप्टर है 'अगस्ता'। यह हैलिकॉप्टर मंगलवार को झुंझुनूं की हवाईपट्टी पर उतरा हरियाणा के कुरूक्षेत्रसे सांसद तथा प्रसिद्ध उद्योगपति नवीन जिंदल की बहन के ससुराल पक्ष झुंझुनूंवाला फैमिली को लेकर आया इस 'अगस्ता' हैलिकॉप्टर के बारे कईमहत्वपूर्णजानकारियां इसके पायलट वीपीएस परमार ने दी।उन्होंने बताया कि यह हैलिकॉप्टर वर्ल्ड का सबसे लेटेस्ट हैलिकॉप्टर है, जो करीब 70 करोड़ रुपए का है।

पायलट परमार की मानें तो यह हैलिकॉप्टर इंडिया में जिंदल फैमिली के अलावा किसी अन्य के पास नहीं है। गौरतलब है कि झुंझुनूंवाला फैमिली के करीब एक दर्जन लोग मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध राणी सती दादी के दर्शन करने आए थे।

डिजिटल हस्ताक्षरीय प्रमाण पत्र जारी करने में झुंझुनू प्रथम स्थान पर

झुंझुनू, 28 नवंबर। राज्य के नागरिकों को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के माध्यम से पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेही सुशासन तथा सरकारी सेवाएं एवं सूचनाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है।

इस लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में ई-मित्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में नागरिक सेवा केन्द्र खोले गए हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी सेवायें जैसे बिजली, पानी एवं टेलीफोन बिल भुगतान, आरपीएससी एवं राजस्व मण्डल परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र इत्यादि उनके निकटतम स्थान पर उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया जा सके।

जिला कलेक्टर जोगा राम ने बताया कि सरकारी सेवाओं को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाने के प्रयास में एक कदम और बढ़ाते हुए इन ई-मित्र एवं नागरिक सेवा केन्द्रों पर डिजिटल हस्ताक्षरीय मूलनिवास प्रमाण पत्र, आय, हैसियत एवं जाति प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा प्रारंभ की गई है। इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा जिला कलेक्टरों के साथ मुख्य सचिव स्तर पर विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से द्विमासिक रूप से की जाती है।

उन्होंने बताया कि अब तक 2557 से अधिक जिले के नागरिक अपने डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र इस माध्यम से प्राप्त कर चुके हैं। परियोजना के तहत जिले के समस्त तहसीलदरों द्वारा प्रशंसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है।

स्व. किशनलाल गाडिया की स्मृति में भजन संध्या

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं.23 दिस.। गाडिया मोहल्ला स्थित गाडिया भवन में स्व. किशनलाल गाडिया की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या में शेखावाटी के कई गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायक सज्जन दाधीच की गणेश वंदना से किया गया। वहीं महेन्द्र सोनी ने भी सुन्दर भजनों से अनुठी छाप छोड़ी। देर रात्रि तक चली इस भजन संध्या में रमेश टाइपिस्ट, मोनू गाडिया, रामाकान्त पुरोहित, अरूण राणासरिया, अनिल जांगिड़, जेपी ढेडिया, दिनेश सुरोलिया, मुरारीलाल भट्ट, योगेश व्यास ने बारी-बारी से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे जिसमें अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष सम्पत चुड़ेलेवाला, अनिल केजड़ीवाल, सीए मनीष अग्रवाल, प्रमोद खण्डेलिया, हरीश तुलस्यान, विजय गाडिया, सम्पत गाडिया, राजकुमार गोड, सुरेन्द्र राणासरिया, कार्यक्रम आयोजक नरेश गाडिया ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीटीओ जेपी मीणा का जयपुर स्थानांतरण होने पर विदाई दी

माई झुं.न्यूज। सीटीओ जेपी मीणा का जयपुर स्थानांतरण होने पर सोमवार को ऑफिसर्स क्लब में समारोह हुआ। शेखावाटी सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह धनखड़, झुंझुनूं टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. रोहित चौधरी, आयकर अधिकारी अजय खालिया, एडवोकेट दीपेंद्र सिंह, क्लब सचिव एडवोकेट सतीशचंद्र कुलहरि, प्रतापसिंह बलौदा, बीएसएनएल के एजीएम ओम प्रकाश मूंड, पार्षद डॉ. राजेश बाबल, बिकेश सिहाग, डॉ. राजेश कटेवा आदि ने इसमें मीणा का माल्यार्पण किया मीणा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

विनोद टीबड़ेवाला
चांसलर

नव वर्ष पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं

माई झुंझुनूं डॉट कॉम समाचार पत्र नेट पर देखें
www.myjhunjhunu.com/newspaper
1. मासिक समाचार पत्र का रंगीन संस्करण नेट पर उपलब्ध है।
2. आप अब तक के 18 तथा चालू माह सहित 19 अंक नेट पर देख सकते हैं।
3. मुद्रित समाचार पत्र के आपके पास पहुंचने से पहले ही वैब पर उपलब्धता
4. वांछित अंक को आप Save करके बाद में भी देख सकते हैं।
THINK JHUNJHUNU THINK MY JHUNJHUNU